CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 193 □ रायपुर, बुधवार 5 अगस्त 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर; तीन कांवड़ियों की मौत

**नई दिल्ली, 5 अगस्त (न्यूज चैनल)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना के पास बुधवार सुबह करीब पांच बजे हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों शिव भक्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों कांवड़िये हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले थे और हरिद्वार की ओर कांवड़ यात्रा पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान ज्ञानप्रकाश, राजकुमार और प्रदीप के रूप में की है। तीनों युवक एक ही गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

### करंट की चपेट में आने से 2 मजदूरों की मौत

**बिलासपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र रिंग रोड नंबर-2 अंतर्गत स्वर्ण जयंती नगर में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन मकान की छत पर काम के दौरान दोनों युवक ऊपर से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची. मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब 4 बजे कस्तूरबा नगर स्थित अनुप सिंह के निर्माणाधीन मकान में छत पर काम चल रहा था. इसी दौरान वहां मजदूरी कर रहे दो युवक अचानक मकान के बेहद करीब से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आ गए. तेज करंट लगते ही दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, अरविंद केजरीवाल ई-20 के विरोध में कल सड़कों पर धरना दे रहे थे। चुहिया- हां जी, आखिर अब क्या करे? शीशमहल भी तो आखिर सड़कों के बदौलत मिला था।

## बृजमोहन अग्रवाल-अमित कटारिया विवाद

# उप मुख्यमंत्री ने लिया सांसद का पक्ष कहा- अधिकारी सम्मान से करें बात

**रायपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल और आईएएस अमित कटारिया के बीच हुआ विवाद तुल पकड़ चुका है. मामले में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सांसद का पक्ष लेते हुए कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जनप्रतिनिधि का अपना एक महत्व है. प्रशासनिक अधिकारी सम्मान से जनप्रतिनिधि से बात करें. बातों को सुने, उस हिसाब से रिस्पांस करें. ये उनका दायित्व है. ये आवश्यक है, और ये करना चाहिए।



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 3 साल से जमे कर्मचारियों के तबादले पर सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश पर मीडिया से चर्चा में कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के पहले से ही निर्देश हैं. जहां स्पेसिफिक कंप्लेन आएगी, वहां निश्चित ही संज्ञान लिखा जाएगा। इस पर कांग्रेस के बयान पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस में तबादला उद्योग चला हैं. वो ऐसे बातें ना करे तो अच्छा है. प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर समय-समय पर ट्रांसफर होते हैं. प्रशासनिक कसावट और काम में गति के लिए ये जरूरी है।

40 निकायों के लिए राशि जारी होने के बाद भी काम नहीं होने के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तेज गति से विकास कार्य हो, काम में विलंब ना हो, ये सुनिश्चित करने का काम कर रही है. जहां देरी हो रही, उसके कारण क्या हैं? कहां दिक्कत आ रही? इसकी समीक्षा चल रही हैं. विभाग आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

### बघेल जी पंजाब गए, वहां भी हो रही लड़ाई

पंजाब में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ लगे गो बैक के नारों पर अरुण साव ने कहा कि बघेल जी पंजाब गए, वहाँ भी लड़ाई हो रही है. यहां भी कांग्रेसी आपस में लड़ ही रहे हैं। ये लड़ने में ही मशरूफ हैं।

# महिला के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया, चार आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक दर्दनाक और सिहरन पैदा करने वाली घटना सामने आई है। कोरिया जिले की रहने वाली एक महिला अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी। वापस घर लौटने के दौरान उसकी बस छूट गई। वह सड़क किनारे दूसरे वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी चार युवकों ने उसे अकेला पाकर निशाना बनाया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता किसी तरह वहां से निकलने में सफल रही। वह कोरिया जिले पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने गई। चूंकि घटना सूरजपुर के चांदनी थाना क्षेत्र की थी, इसलिए प्रकरण सूरजपुर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया।



शिकायत मिलते ही चांदनी थाना पुलिस ने जांच शुरू की। चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

सूरजपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार देवांगन ने बताया, पीड़िता की शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई। सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जांच जारी है और कानूनी प्रक्रियाएं नियम के मुताबिक पूरी की जा रही हैं। यह घटना महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। आगे की जांच चल रही है।

# राष्ट्रपति भवन के स्वतंत्रता दिवस निमंत्रण में दिखा बस्तर का गौरव

### झिटकू-मिटकी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी स्वतंत्रता दिवस 'एट होम' निमंत्रण पत्र में इस वर्ष बस्तर की ऐतिहासिक लोकगाथा 'झिटकू-मिटकी' के प्रतीक (मोटिफ) को स्थान दिया जाना पूरे छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। यह कालात्मक आकृति बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर मिली विशिष्ट पहचान का प्रतीक है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर आज राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर रही है। झिटकू-मिटकी की लोकगाथा सदियों से बस्तर के जनजीवन, लोकआस्था और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है। राष्ट्रपति भवन के स्वतंत्रता दिवस निमंत्रण में इस प्रतीक का स्थान मिलना प्रत्येक बस्तरवासी और छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि लगभग 300




वर्ष पुरानी झिटकू-मिटकी की अमर प्रेमगाथा केवल प्रेम और समर्पण की कथा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की परंपराओं, सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान का जीवंत प्रतीक है। यही कारण है कि बस्तर की प्रसिद्ध ढोकरा (बेल मेटल) कला में झिटकू-मिटकी की प्रतिमाएँ विशेष स्थान रखती हैं और वर्षों से सम्मान-चिह्न के रूप में भेंट की जाती रही हैं। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान भी छत्तीसगढ़ की ओर से झिटकू-मिटकी की पारंपरिक ढोकरा कलाकृति राष्ट्रपति को भेंट की गई थी। अब उसी प्रतीक का स्वतंत्रता दिवस के आधिकारिक निमंत्रण पत्र में उपयोग इस बात का प्रमाण है कि बस्तर की लोककला और जनजातीय संस्कृति देश की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्थानीय संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को सम्मान और पहचान देने का कार्य निरंतर हो रहा है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भी बस्तर की संस्कृति, लोककला और जनजातीय परंपराओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। मंत्री कश्यप ने कहा कि राष्ट्रपति भवन के निमंत्रण पत्र पर झिटकू-मिटकी का अंकन केवल एक सांस्कृतिक प्रतीक का चयन नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता, गौरव और समृद्ध जनजातीय विरासत को पूरे देश के सामने सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करने का ऐतिहासिक अवसर है। यह प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व और आत्मसम्मान का विषय है।

### रेलवे स्टेशन पर 500 किलो संदिग्ध पनीर जब्त

**रायपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन स्थित पार्सल परिसर में बुधवार को करीब 500 किलो संदिग्ध पनीर जब्त किया गया। पनीर की गुणवत्ता और उसकी शुद्धता को लेकर संदेह होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन (फूड विभाग) की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए पनीर को रेलवे पार्सल परिसर में रखा गया है। पनीर के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पनीर असली है या नकली तथा मानव उपभोग के लिए सुरक्षित है या नहीं।

# बंद कमरे से 40 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**कोंडागांव, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** कोंडागांव जिले के नगर पंचायत फरसगाँव के वार्ड क्रमांक 4 चार अगस्त मंगलवार शाम को एक युवक का शव उसके ही कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान विजय सेठिया उर्फ ललित (40 वर्ष), पिता दीनबन्धु सेठिया के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक विजय सोमवार रात से अपने कमरे में था। मंगलवार सुबह घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कार्य पर निकल गए। शाम करीब 6 बजे जब परिजन लौटे, तब भी कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। विजय का शव बिस्तर पर खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की कलाई पर गहरा कट का निशान था, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। कमरे में खून फैला हुआ था। वहीं, पास रखी टेबल पर एक ब्लेड भी मिला, जिसे पुलिस ने अन्य साक्ष्यों के साथ जब्त कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# गडकरी के खिलाफ ऑनलाइन पोस्ट पर बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी, आपत्तिजनक कंटेंट हटाने का आदेश

**नई दिल्ली, 5 अगस्त (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ ऑनलाइन पोस्ट को लेकर बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के खिलाफ की गई ऑनलाइन पोस्ट घिनौने, अश्लील,



अपमानजनक और मानहानि करने वाले हैं। कोर्ट ने ऐसे सभी पोस्ट हटाने का आदेश दिया है। दरअसल, ई20 फ्यूल को लेकर चल रहे विवाद के बीच कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। बेंच ने मेटा, ङ्ग कॉर्प और गूगल एलएलसी जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से यह भी पूछा, आपके पास इतनी टेक्नोलॉजी है, तो क्या आपके पास कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जो ऐसे मामलों को तुरंत पकड़ सके? अगर कोई अश्लील या अपमानजनक चीज पोस्ट करता है, तो उसे तुरंत पकड़कर हटा दिया जाना चाहिए। यह बहुत ही घिनौनी बात है।

# लबालब होने के करीब गंगरेल बांध, 80% हुआ जल भराव



**धमतरी, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** गंगरेल बाँध प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बांधा है। यह पर्यटन, मत्स्य, कृषि व उद्योग के लिए काफी अहम है। उक्त बांध की स्थिति में काफी सुधार हुआ है अब बांध लबालब होने के करीब है।

बता दे कि गंगरेल बांध की जल भराव क्षमता 32.150 टीएमसी है। वर्तमान में बांध में कुल 26.655 टीएमसी जल भराव हो चुका है। जिसमें उपयोगी पानी 21.584 टीएमसी है। इस प्रकार बांध में लगभग 80 प्रतिशत उपयोगी पानी का जल भराव हो चुका है। बता दे कि कुछ दिन पूर्व बांध के कैंचमेंट एरिया में हुई अच्छी बारिश से बांध में आवक तेजी से बढ़ा। इस सीजन में अब तक अधिकतम आवक 94500 क्यूसेक तक रही। इसके बाद आवक बारिश थमते ही घटती गई। वर्तमान में आवक 2643 क्यूसेक प्रति सेकेंड हो रही है।




### मुरुमसिल्ली, दुधावा व सोंढुर बांध भी छलकने के कगार पर

बता दे कि जिले के अन्य बांधो की स्थिति भी वर्तमान में अच्छी है। मुरुमसिल्ली बांध की क्षमता 5.839 टीएमसी की है। वर्तमान में 5.113 टीएमसी जल भराव है। जिसमें 4.992 टीएमसी उपयोगी पानी है। इस प्रकार बांध में 87 प्रतिशत जल भराव है। दुधावा बांध की कुल जल संग्रहण क्षमता 10.192 टीएमसी है। वर्तमान में बांध में 9.061 टीएमसी जल भराव है। जिसमें उपयोगी जल भराव 8.901 टीएमसी है। इस प्रकार बांध में 88 प्रतिशत जल भराव है। वहीं सोंढुर बाँध की क्षमता 6.995 टीएमसी की है। वर्तमान में 5.961 टीएमसी जल भराव है। उपयोगी जल भराव 5.308 टीएमसी है। इस प्रकार 83 प्रतिशत से अधिक का जल भराव हो चुकी है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि उक्त बांध भी लबालब होने के कगार पर है।


# रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश नाकाम: पाकिस्तानी आकाओं को भेजते थे ट्रैक के फुटेज, आईएसआई के दो मॉड्यूल का पर्दाफाश

**नई दिल्ली, 5 अगस्त (न्यूज चैनल)।** स्वतंत्रता दिवस से पहले रेलवे ट्रैक को निशाना बनाकर बड़ी आतंकी वारदात की साजिश को अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने विफल कर दिया है। पुलिस ने आईएसआई समर्थित दो सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस, चार पेट्रोल बम और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी विदेश में बैठे आईएसआई हैंडलरों के संपर्क में थे। उनके निर्देश पर सुरक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी की जा रही थी। स्थानीय युवाओं की भर्ती और अवैध हथियारों की आपूर्ति भी साजिश का हिस्सा थी। रेलवे ट्रैक के पास निगरानी कैमरे लगाए गए थे। इनकी फुटेज पाकिस्तान भेजी जा रही थी। इसका उद्देश्य ट्रेनों की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखना था। जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के अंतिम आदेश का इंतजार कर रहे थे।

# सूचना के अधिकार पर हाईकोर्ट का अहम फैसला, कहा- सार्वजनिक हित के बिना नहीं दी जा सकती किसी की व्यक्तिगत जानकारी

**बिलासपुर, 5 अगस्त (हाईवे चैनल)।** सूचना का अधिकार अधिनियम को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच ने कहा, कि किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी जैसे मैरिज रजिस्ट्रेशन आवेदन, जन्मतिथि, पहचान पत्र या निजी दस्तावेज आरटीआई के तहत किसी तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती, जब तक इसमें कोई बड़ा जनहित न जुड़ा हो. इस आधार पर कोर्ट ने दो याचिकाओं को खारिज कर दिया।

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा, कि आरटीआई अधिनियम का मुख्य उद्देश्य पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन बनाना है, लेकिन धारा 8 (1) (जे) के तहत व्यक्तिगत निजता की रक्षा का भी स्पष्ट प्रावधान है। दरअसल, अंबिकापुर निवासी डीके सोनी ने हाई कोर्ट में याचिकाएं लगाई थीं, पहली याचिका में सूरजपुर जिले के अपर कलेक्टर व विशेष विवाह अधिकारी के समक्ष कपिल देव पैकरा और लवकेश कुमार पैकरा द्वारा प्रस्तुत विवाह पंजीयन आवेदनों, संलग्न दस्तावेजों, आदेश और इश्तहार की प्रमाणित प्रतियां आरटीआई के तहत मांगी थीं. जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी, सूरजपुर ने यह कहते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया था कि मामला विचाराधीन न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है और आवेदक थर्ड पार्टी है, इसलिए नियमों के तहत यह जानकारी नहीं दी जा सकती. फिर मामला राज्य सूचना आयोग रायपुर पहुंचा. आयोग ने 10 अक्टूबर 2019 को द्वितीय अपील खारिज करते हुए जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी के फैसले को सही ठहराया था. इसके खिलाफ सोनी ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई।



मामले में सभी पक्षों को सुनने के दौरान बाद कहा, विवाह पंजीयन के लिए दिए गए आवेदन में नाम, पता, फोटो, जन्मतिथि और पहचान पत्र जैसे गोपनीय डेटा होते हैं. यदि याचिकाकर्ता कोई व्यापक जनहित जैसे भ्रष्टाचार उजागर करना या पद का दुरुपयोग साबित नहीं करता, तो ऐसी जानकारी देना व्यक्ति की निजता पर अनावश्यक हमला होगा. इसके साथ ही कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

CMYK